# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024





## खबर संक्षेप



### एक हजार महिलाओं के साथ सावित्री वापस भाजपा में

रायपुर। एकात्म परिसर में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व सांसद सुनील सोनी और अशोक बजाज सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उत्कल समाज की सावित्री जगत ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सावित्री जगत के नेतृत्व में 1 हजार की संख्या में महिलाओं ने भी भाजपा का दामन थामा।

### नक्सली हमले में घायल जवानों से मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम



**रायपुर।** नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल डीआरजी के जवान रामचंद्र यादव से मिलने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार देर रात राजधानी के श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घायल जवान से उनका हालचाल जाना तथा घटना की जानकारी भी ली।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुठभेड़ में 28 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, सर्चिंग ऑपरेशन अभी भी जारी है। नक्सलियों से कहना चाहता हूं कि सभी को घर पर वापस आना चाहिए। छत्तीसगढ़ की सरकार अच्छी सरेंडर पालिसी के साथ सामने आ रही है, मुख्य धारा पर सभी लौटें।

### तोमर आज करेंगे युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शनिवार को 12 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित हॉकी स्टेडियम के पास युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सरकार के मंत्री कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री तोमर लगातार संगठन से जुड़कर काम कर रहे हैं। वे वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा के जिलाध्यक्ष हैं।

### आदिम जाति तथा अजा विकास विभाग के उपायुक्त निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के उपायुक्त प्रज्ञान सेठ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों के अध्यापन के लिए चयनित कोचिंग संस्थाओं की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं करने और विभागीय योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही के आरोपों के चलते की गई है। छात्रों और अभिभावकों द्वारा कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। प्राथमिक जांच में श्री सेठ को दोषी पाया गया है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन करता है।

# झारखंड-महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी प्रदेश के कई नेताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। इसमें से कई नेता महाराष्ट्र और झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं। झारखंड में तो प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वहां पर सभाएं लेने के साथ रोड शो भी कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अभी से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है जहां पर अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है। महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ शहर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है।

### अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं का लगातार कर रहे हैं प्रदेश के नेता दौरा





#### झारखंड में इनको जिम्मा

झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है : भूपेश बघेल

# कांग्रेस की न्याय यात्रा आम जनता के जख्मों पर मरहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजीव भवन में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस की न्याय यात्रा को जनता के जख्मों पर मरहम बताया। दीपक बैज ने कहा, हमारी यात्रा का मकसद सोई हुई सरकार को जगाने का था। किस तरह से 9 से 10 महीने की सरकार पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित करने में विफल हुई। लगातार छत्तीसगढ़ में घटनायें घट रही हैं। अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों का हौसला चरम पर है।

श्री बैज ने कहा, पूरे प्रदेश में जनता के मन में डर और भय का माहौल बना हुआ है। प्रदेश की जनता दहशत में है। सरकार पर से जनता का भरोसा उठ चुका है। 10 महीने की भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा तोड़ दिया है। 6 दिन की यात्रा में हम जनता से मिले, उनसे चर्चा भी की। कई लोगों के चेहरे पर डर भय दिखा। कई लोगों के चेहरे पर सरकार के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश दिखाई दिया। कई लोगों के चेहरे पर इस न्याय यात्रा में खुशी भी दिखाई दी। छत्तीसगढ़ की जनता के न्याय के लिए तपती धूप, गर्मी, बरसात में भी हमारा कारवां नहीं रुका, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला कम नहीं हुआ। बढ़ते अपराध के खिलाफ में जो इस न्याय यात्रा का मकसद था सरकार के नाकामी के खिलाफ में जनता तक पहुंचाने में हम सफल रहे। हमारी न्याय यात्रा से सरकार घबराई हुई थी, डर हुई थी, सहमी हुई थी। ये भी साफ-साफ दिख रहा था। इस तरह से हमारा न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है और न अंत हुआ है। न्याय यात्रा अभी शुभारंभ हुआ, अभी आगाज हुआ है, अभी अंजाम तक पहुंचाना बाकी है। इस न्याय यात्रा का अभी विराम हुआ है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह बहुत ही सफल यात्रा साबित हुई है। भाजपा की सरकार के असफल हो जाने से यह परिस्थिति निर्मित हुई। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में इस यात्रा को शुरू करेंगे।

#### प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हम ने पदयात्रा मिलकर पूरी की। हम सभी की सुरक्षा का मामला है। यह सुरक्षा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा की गई। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में सबने मिलकर जनता और आप लोगों तक सच्चाई को पहुंचाया। पत्रकार वार्ता के दौरान जैसे ही खबर आई की वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे का दुःखद निधन हो गया है, कांग्रेस नेताओं और पत्रकार साथियों ने मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रोहित यादव ने संभाला पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन में पदभार संभाल लिया। उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव का भी जिम्मा दिया गया है। वे हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाने की बात कही।

डॉ. यादव ने कहा, छत्तीसगढ़ को पॉवर सरप्लस स्टेट के रूप में पूरे देश में पहचाना जाता है। केंद्र सरकार में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की किसी भी बात का वजन होता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में हमने बहुत सारा काम कर लिया है और आगे बहुत सारा काम करना है क्योंकि भविष्य में ऊर्जा की मांग पूरे देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर पर बढ़ने वाली है इसलिए बड़े स्तर पर विस्तार की कार्ययोजना पर काम चल रहा है चाहे वह थर्मल प्लांट हो या फिर हाइडल का हो या रिन्यूबल एनर्जी की हो। भारत सरकार बहुत ज्यादा उत्सुक है कि हम अपने राज्य में नई तकनीकों को लेकर आएं और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएं। इसके लिए भारत सरकार मदद करने, वित्तीय सहायता हो या फिर कंसल्टेंसी हो, वह उपलब्ध कराने तैयार है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीमसिंह कंवर सहित कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंता तथा बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

# जलजीवन मिशन के 12 समूहों के ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र में गड़बड़ी, ठेका होगा निरस्त

## समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री साव ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रहे जलजीवन मिशन के 12 समूहों के ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र में गड़बड़ी पाई गई है। इन सभी को मिले ठेके निरस्त करने और उनके लिए कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसी समीक्षा बैठक में श्री साव ने ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्र के मामले में निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने क्रेडा द्वारा स्थापित किए



जा रहे सोलर पंपों के मापदण्डों का क्रेडा के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए चयनित तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी के कार्यों को अलग से मॉनिटर करने को कहा। इन एजेंसीज द्वारा अच्छा कार्य करने से कार्यों की गुणवत्ता में निश्चित ही सुधार आएगा।

#### जहां काम पूरे वहां जल उत्सव

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजना के प्रचार-प्रसार के साथ जल उत्सव का आयोजन करने को कहा। इससे अन्य गांव भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने विभाग के मैदानी अमले को लगातार कार्यस्थलों का भ्रमण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने सभी अधिकारियों को फील्ड में निरंतर सक्रिय रहने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने विभागीय कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन की नल जल योजनाओं में भू-जल स्त्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने विभागीय मशीनों के साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों में लगी मशीनों के लिए आगामी 15 नवम्बर तक की कार्ययोजना तैयार की गई है।

### श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे बृजमोहन-रामविचार

**रायपुर।** वंदना ग्रुप की चेयरपर्सन गंगा देवी अग्रवाल का 23 सितंबर को निधन हो गया था। परिजनों द्वारा पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार को वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में रखी गई। जहां परिजनों, रिश्तेदारों, समाजजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त चतुर्भुज अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल समेत समेत परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।



# छत्तीसगढ़ के नए बजट प्रावधान में होगी 8 प्रतिशत की वृद्धि अपरीक्षित नवीन व्यय के प्रस्ताव शामिल होना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का 2025-26 का बजट बनाने की तैयारी के बीच वित्त विभाग ने साफ किया है कि इस बार पिछले बजट के प्रावधान का अधिकतम 8 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए नए बजट के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। खास बात ये है कि नए बजट में अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में प्रस्ताव यथासंभव शामिल नहीं किए जाएंगे।

वित्त विभाग ने यह बात 2025-26 का बजट तैयार करने के सिलसिले में जारी निर्देश में कही है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, और सचिवों को जारी निर्देश में कहा गया है कि नए बजट अनुमान बनाते समय किन बिंदुओं पर ध्यान देना है। निर्देश में कहा गया है कि बजट प्रस्ताव 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक महालेखाकार से प्राप्त वास्तविक व्यय के आंकड़े मदवार अंकित किए जाएं। यदि विभाग के विद्यमान बजट में प्रस्ताव आवश्यक उद्देश्य या विस्तृत शीर्ष की आवश्यकता हो तो पुनरीक्षित अनुमान के प्रस्ताव में आवश्यक रूप से शामिल करें। महालेखाकार के हवाले से इस निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी योजनाओं का वर्गीकरण नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा निर्धारित अपडेट लेखा शीर्षों में ही किया जाए।

#### बजट में ये शामिल नहीं होगा

वित्त विभाग के निर्देश में कहा गया है कि अपरीक्षित नवीन व्यय के रूप में प्रस्ताव यथासंभव बजट में शामिल नहीं किया जाएगा। बजट प्रस्तावों के साथ योजना का संक्षिप्त विवरण स्पष्टीकरण टीप के रूप में दिया जाए। जिसमें योजना के स्वरूप तथा उद्देश्य का उल्लेख हो। योजनाओं की वित्त पोषण व्यवस्था जैसे भारत सरकार, वित्तीय संस्थाएं, विदेशी सहायता, राज्य शासन आदि के संबंध में टीप दिया जाना चाहिए। जिसमें केंद्र या एजेंसी का अंश व राज्यांश का स्पष्ट उल्लेख हो।

#### सेस पर ये है निर्देश

राज्य शासन द्वारा लगाए गए विभिन्न उपकर(सेस) की आय से निर्मित विकास एवं कल्याण निधियों जैसे ग्रामीण विकास निधि, शाला विकास निधि, उर्जा विकास निधि, केंद्रीय सड़क निधि, आदि से ट्रांसफर होकर आई राशि के लिए विभिन्न विभाग के बजट में योजनाओं पर व्यय करने के लिए प्रावधान दर्शाया जाता है उनके लिए वही सेगमेंट दर्शाया जाए जो पहले से तय है। किसी भी संस्था स्वायत्त निकायों को दिए जाने वाले अनुदान की राशि एवं संस्था का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाए। यह भी साफ किया जाए कि संस्था- निकाय को दिया जाने वाले अनुदान आवर्ती है या अनावर्ती एवं किन प्रयोजनों पर खर्च किया जाना है।

## पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

# भाजपा के सदस्य बनाने अब भाजयुमो की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में अब भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजपा के सदस्य बनाने पांचों संभाग में चार-चार स्थानों से रथयात्रा निकाली जा रही है। भाजयुमो ने पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने जगदलपुर में रथ को भाजपा ध्वज दिखा कर रवाना किया।

भाजपा सदस्यता रथ गांव-गांव तक पहुंचेगा। कॉलेज, छात्रावास का भ्रमण कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सतत कार्य कर रहा है, लोगों के बीच भाजपा सदस्यता को लेकर हर जगह भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने लैलूंगा में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी और राधे श्याम के साथ सदस्यता अभियान के रथ को भाजपा का झंडा कर रवाना किया। दुर्ग में सांसद विजय बघेल विधायक ललित चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने युवा मोर्चा के सदस्यता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। बिलासपुर में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, जिला अध्यक्ष बिलासपुर रामदेव कुमावत भाजपा का झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया। चिरमिरी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, सहित भाजपा पदाधिकारी विभिन्न स्थानों में युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा को भाजपा का झंडा दिखाकर रवाना किया।

राजधानी रायपुर में शनिवार शाम 4 बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी। कैबिनेट मंत्री व रायपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधयक राजेश मूणत, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा , ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू , जिला अध्यक्ष जयंती पटेल आदि उपस्थित रहेंगे।

भव्य शुभारंभ
रायपुर के सभी निवासियों को खुशखबरी
दि इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, जबलपुर (Regd. No. 1485 Estd. 1958)
(An ISO 9001:2015 Certified Co-Operative Society )
(वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सम्मानित)
(अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी सर्टिफिकेशन (IQC) यूरोप द्वारा सम्मानित)
इंडियन कॉफी हॉउस
INDIAN Coffee HOUSE
67 YEARS SINCE 1958
एवं रेस्टोरेंट की नई शाखा
1st फ्लोर, चंद्रा स्क्वायर, रिलायंस स्मार्ट के बाजू में, विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर में
शनिवार, 05 अक्टूबर 2024, शाम 04:30 बजे
भव्य शुभारंभ हो रहा है
माननीय मुख्य अतिथि महोदय
श्री. मोतीलाल साहू जी
(माननीय विधायक, रायपुर ग्रामीण विधानसभा, रायपुर,छ.ग.)
के गरिमामयी उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा शाखा का उद्घाटन किया जा रहा है
कृपया सपरिवार पधारकर आनंद लीजिये
▶स्वादिष्ट साउथ इंडियन ▶नार्थ इंडियन ▶चायनीज़
▶कॉन्टिनेंटल फ़ूड एवं वेज और नॉनवेज व्यंजन उपलब्ध है
किटी पार्टी, जन्म-दिन पार्टी एवं आउटडोर केटरिंग सेवा भी उपलब्ध कराई जावेगी।
आम जनता के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था और वाहन पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है।
Contact No: 7489673420, 7224042791
डॉ. ओ. के. राजगोपालन (अध्यक्ष) आई सी डब्लू सी एस लिमिटेड, जबलपुर
एम. प्रकाशन (सचिव) आई सी डब्लू सी एस लिमिटेड, जबलपुर
Khanna

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

15 पटरियों का मेंटेनेंस हुआ आसान, नागपुर से झारसुगुड़ा...



15 एनपीए पर सरकार सख्त रायपुर में 134 डाक्टर ले...



# चलती ट्रेन से गिरा युवक, प्लेटफार्म के बीच 40 मिनट तक फंसी रही सांसें, सीढ़ी तोड़कर निकाला, नहीं बची जान

हरिभूति न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान शुक्रवार को यात्री बड़ी दुर्घटना का शिकार हो गया। जल्दबाजी में पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान यात्री का पैर अचानक फिसल गया और सीधे ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना प्लेटफार्म नंबर 3 पर सुबह लगभग 9:40 की है।

जीआरपी के मुताबिक मृतक तीरथ दलई, पत्नी और बच्चे के साथ ब्रह्मपुर से सूरत जा रहा है। जब ट्रेन रायपुर पहुंची, तो यात्री पानी व खाने की अन्य चीज खरीदने ट्रेन से उतरा, लेकिन थोड़ी देर में ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी। जब यात्री की नजर ट्रेन पर पड़ी, तब तक ट्रेन काफी रफ्तार पकड़ चुकी थी।

यात्री ने दौड़ लगाई कि अपने कोच तक पहुंच जाए, पर ट्रेन की रफ्तार अधिक होने से यात्री अपने कोच तक नहीं पहुंच गया। यात्री ने थर्ड एसी में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन एक पैर रखते ही यात्री का पैर फिसल गया और सीधे प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच आ गया। यात्री की चीख पुकार सुनकर ट्रेन को तत्काल रोका गया।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

आरपीएफ के मुताबिक यात्री को चढ़ने से रोका गया। ट्रेन की रफ्तार जब अधिक हो चुकी थी, तब यह घटना हुई है। यात्री प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में बुरी तरह फंसा हुआ था। ट्रेन रुकने के बाद बचाव कार्य शुरू किया गया। 40 मिनट तक बाहर निकालने का प्रयास रेलवे स्टाफ और आरपीएफ व जीआरपी करती रही, लेकिन यात्री का शरीर इस तरह फंसा हुआ था कि अंत में ट्रेन की सीढ़ी और जाली काटकर यात्री को बाहर निकाला गया। बचाव कार्य तक यात्री की सांसें फंसी रही। गंभीर रूप से घायल युवक को जीआरपी ने मेकाहारा पहुंचाया, लेकिन युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने एक्सीडेंट के बाद युवक के मोबाइल नंबर से उसके परिजनों से संपर्क कर लिया है। पुलिस युवक का पोस्टमॉर्टम करवाकर लाश परिजनों को सौंपेगी।



### पानी व खाने की अन्य चीज खरीदने ट्रेन से उतरा था यात्री, लावरवाही के कारण गंवाई जान

- थर्ड एसी कोच में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने पर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसा यात्री

### शरीर के नीचे हिस्सा हो गया था जख्मी

घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्री का शरीर का नीचे हिस्सा काफी जख्मी हो गया था। शरीर से खून नहीं निकला, लेकिन अंदरूनी चोट काफी थी। रेलवे स्टेशन में इससे पहले भी यात्री की लापरवाही से इस तरह का हादसा हो चुका है। कुछ महीने पहले भी इस तरह की घटना हुई थी, जिसमें महिला बच्चे के साथ पटरी के नीचे आ गई, लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ था। स्टेशन में आरपीएफ के जवान मौजूद होते हैं, फिर भी यात्री अपनी लापरवाही के कारण जान खतरे में डाल देते हैं।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

योजनाओं का लाभ पाने बेरोजगार लोग विभागीय कार्यालयों का काट रहे चक्कर

# बेरोजगारों को स्वयं का व्यापार उपलब्ध कराने अंत्यावसायी विभाग की 28 योजना में 26 बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जाति वर्ग के बेरोजगारों को स्वयं का व्यवसाय उपलब्ध कराने के लिए अंत्यावसायी विभाग द्वारा 28 योजनाएं लाई गई थीं, ये योजनाएं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग अंतर्गत संचालित हैं। इन योजनाओं के तहत 20 हजार रुपए से लेकर 30 लाख रुपए तक कम ब्याज दर पर ऋण आसान किस्तों में उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा कुछ योजनाओं में अनुदान राशि का प्रावधान भी है। इन योजनाओं के तहत पूर्व में प्रदेशभर में लाखों लोग लाभान्वित भी हो चुके हैं, लेकिन कोरोना कॉल से इन योजनाओं में 26 योजना बंद पड़ी हैं, जिसके कारण इन योजनाओं का लाभ पाने बेरोजगार लोग विभागीय कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं।

### भेजा है प्रस्ताव

प्रस्ताव भेजा गया बंद योजनाओं को पुन: शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। फंड जारी नहीं होने के कारण योजनाएं बंद है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद योजनाएं शुरू हो जाएंगी।

\- **पदुम सिंह एल्मा,** एमडी अंत्यावसायी सहकारी विभाग

### इन योजनाओं के तहत पूर्व में प्रदेशभर में लाखों लोग हो चुके हैं लाभान्वित









### स्वयं का व्यवसाय और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने लाई गई थी योजनाएं

प्रदेश में बेरोजगारी दर कम करने के साथ स्वयं का व्यवसाय उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए उद्देश्य से अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाएं सालों पहले शुरू की गई थी। इसके तहत राष्ट्रीय निगम योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, सफाई कामगार वर्ग के अलावा बैंक प्रवर्तित योजनाएओं में अंत्योदय स्वरोजगार योजना, आदिवासी स्वरोजगार योजना तथा मिनीमाता स्वावलंबन योजना भी संचालित की जा रही थी। राष्ट्रीय निगम योजना के अनुसूचित जाति वर्ग अंतर्गत कई योजनाएं संचालित हैं। इनमें पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, गुड्स कैरियर, ट्रेक्टर ट्रॉली योजना, स्मॉल बिजनेस योजना-1, लघु व्यवसाय योजना-2, शिक्षा ऋण योजना आदि शामिल है। इन सभी योजना में ऋण राशि की अधिकतम सीमा निर्धारित है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतर्गत आदिवासी महिला सशक्तीकरण, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, ट्रेक्टरट्रॉली, डीजल-ऑटो रिक्शा, स्मॉल बिजनेस-1 व 2, शिक्षा ऋण। पिछड़ा वर्ग अंतर्गत टर्म लोन, व्यक्ति मूलक-टर्म लोन, न्यू स्वर्णिमा, शिक्षा ऋण। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए टर्म लोन एवं शिक्षा ऋण। सफाई कामगार वर्ग के लिए माइक्रो क्रेडिट, महिला समृद्धि, महिला अधिकारिता, मालवाहक ऑटो रिक्शा योजना शामिल है। मिनीमाता स्वावलंबन योजना 5 साल से बंदविभाग की मिनीमाता स्वावलंबन योजना पिछले 5 साल से बंद है। इस योजना के तहत 3 वर्ष तक नियमित किस्त जमा करने पर 75 प्रतिशत प्रोत्साहन लाभ देने का प्रावधान है। इस योजना के तहत भी प्रदेशभर में हजारों की संख्या में लोग लाभावित हुए है, लेकिन पूर्व कांग्रेस शासन काल से यह योजना भी बंद पड़ी है।

### ये योजनाएं चालू

वर्तमान में विभाग की बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत संचालित अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना ही चल रही है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेरोजगारों को ऋण उपलब्ध कराने का टारगेट भी रखा गया है। रायपुर जिले इनमें से अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत 1095 लोगों को ऋण का टारगेट रखा गया है। इसकी तुलना में 735 के ऋण स्वीकृत भी हो चुके हैं। इसी प्रकार आदिवासी स्वरोजगार के तहत टारगेट 24 है, लेकिन विभाग ने टारगेट से ज्यादा 39 आवेदन आए है, जिनमें से 19 को स्वीकृति मिल चुकी है। इन दोनों योजना में 10 हजार रुपए का अनुदान राशि का प्रावधान है।

***बंद योजनाएं :*** मिनीमाता स्वावलंबन योजना सहित राष्ट्रीय निगम अंतर्गत संचालित सभी योजनाएं बंद हैं।

***रायपुर कार्यालय में ढेरों आवेदन लंबित :*** रायपुर के जिला विभाग कार्यालय में बंद पड़ी योजनाओं के तहत ऋण लेने के लिए ढेरों आवेदन आए हुए हैं, लेकिन फंड जारी नहीं होने के कारण लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# नवरात्रि में रजिस्ट्री की धीमी शुरूआत पहले दिन 174 हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शारदीय नवरात्रि में हर बार प्रापॅर्टी की जमकर खरीदी-बिक्री होती है, जिससे पंजीयन दफ्तर में भी रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन इस बार नवरात्रि में प्रॉपर्टी रजिस्ट्री की धीमी शुरूआत हुई। पहले दिन 174 रजिस्ट्री हो पाई है, जबकि पिछले वर्ष तीन सौ से ज्यादा रजिस्ट्री हुई थी। हालांकि चालू माह में 3 दिन में 338 रजिस्ट्रीयां हुई है, जिससे 5 करोड़ 81 लाख से अधिक की आय हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण कम लोगों ने रजिस्ट्री के लिए अपॉइटमेंट लिया है। आगामी दिनों में यह आकड़ा बढ़ेगा।

पितृ पक्ष में कई लोग प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री नहीं करते हैं। इसके कारण पितृ पक्ष के दिनों में रजिस्ट्री दफ्तरों में भी भीड़ कम रही। इस बार भी पितृ पक्ष के दौरान बहुत कम रजिस्ट्री हुई है। हालांकि संभावना ▶▶|शेष पेज 12 पर

### दीपावली में रजिस्ट्री में बूम की संभावना

दीपावली पर्व के एक सप्ताह पहले रजिस्ट्री में बूम आ सकता है। दीपावली त्यौहार के दौरान जमीन, मकान, फ्लैट सहित अन्य प्रॉपर्टी की जमकर खरीदी-बिक्री होती है, जिससे रजिस्ट्री में भी बूम देखने को मिलता है। पंजीयन दफ्तर में पिछले वर्षों का आकड़ा बताता है कि दीपावली त्यौहार के दौरान रजिस्ट्री जमकर होती है, जिसके कारण इन दिनों में पंजीयन दफ्तर भी देर शाम तक खुला रहता है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार 14 किलो गांजा जब्त

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 लाख 20 हजार रुपए कीमत का 14 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, राजस्थान जोधपुर निवासी अजय देवड़ा के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने इंटरस्टेट बस टर्मिनल में आरोपी के कब्जे से गांजा बरामद किया। तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर राजस्थान ले जाने की फिराक में था।



### लिव इन में रह रही महिला ने की खुदकुशी, केस दर्ज

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व लिव इन में रह रही महिला ने पहले से शादीशुदा युवक की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर ली थी। घटना के एक वर्ष बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार अशोक द्विवेदी, भारती मिश्रा के साथ लिव इन में रह रहा था। पहले से शादीशुदा अशोक महिला पर शादी करने दबाव बना रहा था। शादी करने से इंकार करने पर महिला को अशोक ने प्रताड़ित किया। इससे तंग आकर महिला ने पिछले वर्ष 23 जनवरी को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

# जशपुर, सरगुजा से लेकर बस्तर तक का सिम कार्ड ऑनलाइन जालसाजी करने वालों तक पहुंच रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग-अलग मोबाइल कंपनियों के महज सौ से डेढ़ सौ रुपए में मिलने वाले सिम कार्ड की कीमत पांच से दस हजार रुपए मिलने पर राज्य में बड़े पैमाने पर सिम कार्ड के दुरुपयोग करने की जानकरी सामने आई है। पुलिस की साइबर सेल तथा रेंज साइबर पुलिस सिम कार्ड के दुरुपयोग को लेकर जांच कर रही है। सिम कार्ड का दुरुपयोग ऑनलाइन ठगी के लिए किया जा रहा है। रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक राज्य के अलग-अलग जिलों से दो हजार से ज्यादा सिम कार्ड जालसाजों तक पहुंचने की जानकारी मिली है।

- जालसाजों को ठगी करने सिम उपलब्ध कराने छत्तीसगढ़ बना बड़ा हब
- जालसाजों को तीन कैटेगरी में सिम खरीद कर उपलब्ध करा रहे

रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक जशपुर, अंबिकापुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग सहित बस्तर के जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव सहित कई जिलों में जालसाजों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाला गिरोह सक्रिय है। पूर्व में जालसाजों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में पकड़े गए पुरुषोत्तम देवांगन से पूछताछ ▶▶|शेष पेज 12 पर

### तीन कैटेगरी में खरीद रहे सिम

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जालसाजों को तीन कैटेगरी में सिम खरीद कर उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें ई केवायसी के अलावा डी केवायसी तथा कार्पोरेट सिम खरीद कर उपलब्ध कराया जा रहा है। ई कैटेगरी में सिम उपलब्ध कराने वाले सिम हासिल करने ई जानकारी देने के बाद उक्त जानकारी का डाक्यूमेंट हासिल कर डी केवासी से सिम हासिल कर ले रहे हैं। सिम कार्ड की पुष्टि के लिए जालसाज अपना नंबर डी केवायसी में दे रहे हैं। कार्पोरेट सिम हासिल करने जालसाज सिम प्रोवाइडर को फर्जी कंपनी का दस्तावेज पेश कर कार्पोरेट सिम हासिल कर रहे हैं।

### जांच की जा रही

ऑनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों के पास जशपुर, सरगुजा से लेकर बस्तर तथा कई अन्य जिलों से बल्क में सिम पहुंचने की जानकारी मिली है। इसकी जांच की जा रही है। जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने वालों की जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

\- **संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

### कार्पोरेट सिम की पुष्टि के लिए कोई पैमाना नहीं

कार्पोरेट सिम हासिल करने जो दस्तावेज पेश किए जाते हैं, उस दस्तावेज की वैधानिकता जांचने सिम प्रोवाइडर के पास कोई व्यवस्था नहीं है। गौरतलब है कि कार्पोरेट सिम अलग-अलग मोबाइल में लगने चाहिए। जालसाज ठगी करने कार्पोरेट सिम को एक ही मोबाइल में लगाकर इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल के ईएमआई नंबर के आधार पर सिम प्रोवाइडर को इस बात की जांच करनी चाहिए, लेकिन वो इसकी जांच करना उचित नहीं समझते। इसी बात का फायदा उठाते हुए जालसाज ठगी करने कार्पोरेट सिम का बल्क में उपयोग कर हैं।

# दोपहर माना में हल्की बारिश शहर में छाए रहे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी उमस की वजह से स्थानीय प्रभाव के बाद बने बादल माना इलाके में बरस पड़े। शहर में दोपहर हल्के बादल छाए रहे, मगर उमस की वजह से परेशानी जस की तस बनी रही है। अभी शहर में रात का तापमान ढाई और दिन का पारा सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है।

- उमस जस की तस, रात का पारा ढाई और दिन का तीन डिग्री अधिक

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा और द्रोणिका बांग्लादेश के आसपास बना हुआ है। इसके प्रभाव से आज हल्के बादल छाए रहे मगर यह उमस को कम करने का कारण नहीं बन सका। दोपहर बाद वातावरण में मौजूद आर्द्रता और तेज धूप की वजह से माना इलाके में बादल बना, जो दोपहर को कुछ देर तेजी से बरसा। शहर में इस तरह की स्थिति नहीं बन पाई और लोग चिपचिपी गर्मी से परेशान होते रहे। माना जा रहा है कि सिस्टम के प्रभाव से कुछ इलाके में दो दिन बारिश हो सकती है, मगर यह उमस से राहत देने के बजाए परेशानी बढ़ाने वाली हो सकती है। शुक्रवार को हल्के बादल के बीच शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया, वहीं रात का पारा 26. 5 डिग्री था, जो ▶▶|शेष पेज 12 पर

# एम्स के छात्रों का राज्य कोटे से पीजी में एडमिशन, काउंसिलिंग शुरू होने के पहले आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेजों में पीजी एडमिशन शुरू होने से पहले एम्स के एमबीबीएस करने वाले डाक्टरों को स्टेट कोटे से एडमिशन का मौका देने पर आपत्ति आई है। एम्स से ए म बी बी ए स करने वालों से बांड भी जमा नहीं कराया जाता। नियमों की गलत व्याख्या की वजह से हर साल आधा दर्जन क्लीनिकल सीटों पर एम्स के छात्र एडमिशन ले लेते हैं। चिकित्सकों के संगठन यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट ▶▶|शेष पेज 12 पर

- हर साल आधा दर्जन छात्रों को मिलता है मौका, अब आवंटन रोकने की मांग



### चिकित्सा अधिकारियों को मिलेगा नया वेतन


लिपकीय त्रुटि की वजह से 533 चिकित्सा अधिकारियों को पुरानी सैलेरी दिए जाने की समस्या का निराकरण हो गया है। इस मामले में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा शासन को गलती सुधारकर नया वेतन देने पत्र प्रेषित किया है। नए आदेश के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में काम करने वाले डाक्टरों को 69000 वेतन दिया जाता है था, मगर पुराने नियम से आदेश जारी होने की वजह से उन्हें 55 हजार वेतन मिल रहा था। विसंगति सुधारने की कार्यवाही शुरू होने के बाद चिकित्सा अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उन्हें धन्यवाद दिया है।

अब हर माह तय होती है कीमत, जुलाई में ऊर्जा प्रभार पर 4.72 फीसदी शुल्क था जो अगस्त में 11.95 फीसदी हो गया

# अगस्त की बिजली सात फीसदी महंगी, खपत के हिसाब से सितंबर के बिल में ली जाएगी अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई के बाद अब अगस्त की बिजली भी महंगी होने का झटका लगा है। इस माह की बिजली सात फीसदी से भी ज्यादा महंगी हुई है। ऐसा होने से अब अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आएगा, उसमें अगस्त की खपत के हिसाब से अंतर की राशि का भुगतान करना होगा। अब प्रदेश के साथ देशभर में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। ऐसे में जुलाई में ऊर्जा प्रभार पर जो शुल्क 4.72 फीसदी था, वह अगस्त में 11.95 प्रतिशत हो गया है। यानी 7.23 फीसदी का इजाफा हुआ है।



प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अगस्त में सबसे बड़ा झटका

नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च में 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन इसके बाद जुलाई में एक बार फिर से इसमें इजाफा हो गया और यह 4.72 फीसदी हो गया। अब अगस्त में इस साल का सबसे ज्यादा प्रतिशत तय हुआ है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## पंवार क्षत्रिय समाज का चुनाव 20 को

**रायपुर।** पंवार क्षत्रिय समाज संगठन की आगामी त्रिवार्षिक 2024-27 नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा। समाज के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. रमेश रहांगडाले के मुताबिक, चंगोराभाठा स्थित पंवार क्षत्रिय सभा भवन में 20 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। शाम 5 बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। नामांकन प्रपत्र एवं नाम वापसी संबंधी प्रपत्र संगठन के कार्यालय से 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लिए जा सकेंगे। सभी सदस्यों को पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए आने का आग्रह किया गया है।

### निधन

#### नितिन चौबे

**रायपुर।** अनमोल सुपर मार्केट के पास महावीर नगर निवासी, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे (49) का 4 अक्टूबर को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेंद्र प्रसाद चौबे के पुत्र, शिवांगी (तनु) चौबे के पति, आस चौबे और आरिश चौबे के पिता थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वरिष्ठ पत्रकारों, रायपुर प्रेस क्लब परिवार, कांग्रेस, भाजपा नेताओं समेत अनेक राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने शोक जताया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

#### ललित तिवारी

**रायपुर।** श्याम टॉकीज के प्रोपराइटर, आरडीए के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ललित



तिवारी का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। वे लावण्या तिवारी, लोकेश तिवारी, स्व. लक्ष तिवारी, लालिमा तिवारी और डॉ. लीना तिवारी के पिता एवं लाभांश तिवारी, लोहित, लक्षित, लोचन, लव्या और अर्जुन के दादाजी थे।

#### किशन अग्रवाल

**रायपुर।** जवाहर नगर निवासी किशन अग्रवाल (63) का 4



अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल के भाई व भावेश के पिता थे।

# शहर में खुलेंगी और 55 नई राशन दुकानें, हितग्राहियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर में राशन कार्ड धारकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए खाद्य विभाग 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है। इन दुकानों को खोलने के पीछे विभाग की मंशा है कि प्रत्येक दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 5 सौ से अधिक न हो। शहर में संचालित ऐसी कई दुकानें हैं, जहां अभी भी एक हजार से अधिक पंजीकृत कार्ड धारक हैं। इसके कारण इन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों की भीड़ लग रही है। इसे देखते हुए विभाग अब 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है, ताकि दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या का अनुपात बराबर रहे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

## विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे

### पहले से 228 दुकान संचालित

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित है। इनमें से 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। अब और 55 नई दुकानें खुलने के बाद इसकी संख्या 283 पहुंच जाएगी।



### नई दुकानों के प्रस्ताव को मंजूरी

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इन दुकानों के लिए आवेदन जल्द मंगाए जाएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक

**नई दुकानें इन वार्डों में खुलेंगी**

| वार्ड क्र. | संख्या | वार्ड क्र. | संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | 42 | 4 |
| 4 | 1 | 43 | 1 |
| 5 | 1 | 44 | 1 |
| 7 | 2 | 46 | 3 |
| 13 | 1 | 47 | 1 |
| 16 | 4 | 50 | 2 |
| 17 | 2 | 52 | 2 |
| 18 | 2 | 55 | 1 |
| 20 | 1 | 60 | 2 |
| 30 | 1 | 61 | 4 |
| 27 | 1 | 64 | 2 |
| 32 | 2 | 65 | 1 |
| 36 | 2 | 66 | 2 |
| | | 67 | 2 |
| | | 68 | 2 |
| | | 69 | 2 |

## महापौर से मांगा जवाब, प्रश्नकाल के पहले गरमाया माहौल

# सामान्य सभा में हंगामा, लाइट मेट्रो पर गरमाया सदन, सभापति के डायस पर चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में लाइट मेट्रो ट्रेन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने आधे घंटे तक सदन में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर सदन की कार्यवाही बाधित की। पार्षद अमर बंसल लाइट मेट्रो रेल का कटआउट लेकर सदन पहुंचे और आसंदी के सामने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे सहित अन्य भाजपा पार्षदों के साथ नारेबाजी की। इसके कारण प्रश्नकाल 45 मिनट देर से शुरू हुआ। सामान्य सभा की बैठक शुरू होते ही महापौर के मास्को दौरे पर लाइट मेट्रो ट्रेन के एमओयू का मुद्दा जोर-शोर से उठा। आधा दर्जन भाजपा पार्षद डायस पर चढ़कर सभापति को घेरकर नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही बाधित होते देख सभापति प्रमोद दुबे ने 10 मिनट के लिए सदन कार्यवाही स्थगित कर दी और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए पार्षद अमर बंसल, मृत्युंजय दुबे, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू सहित आधा दर्जन भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

- सभापति ने 4 भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से किया निलंबित





### मृत्युंजय ने पूछा सवाल

*प्रश्नकाल में मृत्युंजय दुबे का प्रश्न रहा, महापौर के कार्यकाल में किन-किन वार्डों में महापौर निधि के कितने कार्य हुए?*

*एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने जवाब दिया 2021 से लेकर अब तक अलग-अलग वार्ड में 91 कार्य स्वीकृत हुए। इसके लिए 9 करोड़ 47 लाख रुपए आवंटित किये गये हैं।*

*सामान्य सभा के दौरान नगर निगम के अधिकारी अपने मोबाइल पर ताशपत्ती और कैंडी क्रश गेम खेलते पाये गये। सदन को इसकी जानकारी मिलने पर सभापति प्रमोद दुबे ने संबंधित अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा, अपने पद की गरिमा का ध्यान रखें।*

### नामकरण और जातिप्रमाणपत्र के प्रस्ताव पारित

*सामान्य सभा में नामकरण और जाति प्रमाणपत्र संबंधी 17 प्रस्तावों को चर्चा के बाद सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। इनमें गुढ़ियारी तिलक नगर स्थित सियान सदन का नामकरण वरिष्ठ समाज सेवक स्वर्गीय डॉ. केशव सिंह ठाकुर के नाम पर करने, आक्सीजोन उद्यान का नामकरण पूर्व मंत्री व पूर्व महापौर तरुण चटर्जी के नाम पर करने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल रहे।*

### दुकानों की प्रीमियम राशि आवंटन का एजेंडा गिरा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को शास्त्री बाजार परिसर की 84 दुकानों के आवंटन के बाद प्रीमियम राशि देने का एजेंडा चौतरफा विरोध के कारण सदन में गिर गया। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, शास्त्री बाजार की जमीन नगर निगम की है, तो हम स्मार्ट सिटी को दुकानों की प्रीमियम की राशि क्यों दें? उन्होंने पूछा कि अचल संपत्ति अंतरण नियम क्या है? यदि शास्त्री बाजार के प्रापर्टी का टेंडर स्मार्ट सिटी निकालेगा, तो निगम क्या करेगा?

मीनल चौबे ने साइंस कालेज की चौपाटी की दुकानों के टेंडर का मामला उठाया। उनका कहना था कि अनुबंधित एजेंसी 3 लाख 50 हजार किराया के बदले में नगर निगम को केवल 1 लाख 60 हजार रुपये दे रही है, यह गलत है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने कहा कि सदन में पहली बार स्मार्ट सिटी का विषय आया है। शास्त्री बाजार की दुकानों के टेंडर के बिंदु क्या थे, नगर निगम के आधिपत्य की जमीन पर स्मार्ट सिटी ने कौन से नियम व शर्तों के तहत निर्माण कराया है?

### 7 तक के लिए बैठक स्थगित, प्रतिकृति के साथ स्मृति चिन्ह

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 7 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 22 एजेंडों पर चर्चा के बाद सभापति प्रमोद दुबे ने आसंदी से महापौर एजाज ढेबर एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे से चर्चा कर सहमति के बाद सभा स्थगित करने की घोषणा की है। इससे पूर्व गांधी सदन में महात्मा गांधी सदन के भूतल पर नगर निगम के 70 वार्ड के पार्षदों की परिषद के कार्यकाल की स्मृति संजोने ग्रुप फोटोग्राफी कराई गई। शहरी सरकार के




कार्यकाल की अंतिम सभा के दौरान पार्षदों को महात्मा गांधी सदन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में सम्मान पूर्व प्रदान की गई। सोमवपर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में स्थगित सामान्य सभा की बैठक होगी, जिसमें कांजी हाउस स्थित भूतल की दुकान का लीज नवीनीकरण, निगम मुख्यालय के पास पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों के आवंटन और खम्हारडीह में नई पानी टंकी निर्माण के एजेंडे पर चर्चा होगी।

## फूड कैफे में बिहार, झारखंड, ओडिशा के बच्चों से मजदूरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाने की पुलिस ने बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत पर मरीन ड्राइव स्थित संचालित दो कैफे में बच्चों से जोखिम भरा काम करवाने के कारण अपराध दर्ज किया है। बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण सिमिति के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के मुताबिक बचपन बचाओ आंदोलन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर की शिकायत पर बिहार, झारखंड तथा ओडिशा के चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 16 तथा 17 साल है। पुलिस के अनुसार पाव डोसा कैफे (बड़ा पाव) तथा सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट में छापे की कार्रवाई की गई।

- ज्यादा वेतन देने का लालच देकर कम वेतन देने का आरोप




दोनों कैफे के संचालक अवनीश गंगवानी तथा विशाल बागवानी हैं, के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। कैफे संचालकों पर बच्चों को गर्म भट्ठी में काम करवाने का आरोप है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें किसी कैलाश काटा नाम के व्यक्ति ने अच्छी सैलेरी दिलाने का झांसा देकर कैफे में नौकरी लगवाया था। बच्चों के अनुसार उन्हें जितनी सैलेरी देने करार किया गया था, कैफे संचालक उन्हें कम सैलेरी देकर अपने यहां काम करवा रहे थे। बाल कल्याण समिति बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उनके सुपुर्द करने की बात कह रही है।

## मल्टीलेवल पार्किंग के ऊपरी तल पर बनेगा 1000 सीटर आईटी टावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए 1000 सीटर आईटी टावर बनेगा। इसके लिए नगर निगम ने निविदा बुलाकर कार्य शुरू कर दिया है। इस टावर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रदेश के नव उद्यमी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने 1000 सीटर का आईटी इनोवेशन टावर बनाया जायेगा। इसमें करीब डेढ़ करोड़ खर्च होगा। इसके

- स्टार्टअप में दिलचस्पी लेने वाले युवाओं को मिलेगा लाभ



संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर किया जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नवाचार के माध्यम से स्टार्ट अप में रुचि रखने वाले युवा एक साथ बैठकर अपना कॅरियर संवार सकेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर आईटी इनोवेशन टावर का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता उपस्थित रहे।

### पेज 11 के शेष

#### नवरात्रि में रजिस्ट्री...

जताई जा रही थी कि नवरात्र के आरंभ दिन से ही रजिस्ट्री में बूम देखने को मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नवरात्र के पहले दिन सिर्फ 174 लोगों ने ही रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट लिया था, जिससे रजिस्ट्री भी उतनी ही हो पाई। हालांकि नवरात्र के दूसरे दिन रजिस्ट्री दफ्तर में अच्छी भीड़ लगी है। बताया गया है कि दूसरे दिन दो सौ से ज्यादा रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट लिया गया था। हालांकि इस दिन शाम तक कुल कितनी रजिस्ट्री हुई इसका आकड़ा शाम तक नहीं मिल पाया।

#### एम्स के छात्रों का...

एसोसिएशन ने इस मामले में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन रूल्स, 2021 के अनुसार, छत्तीसगढ़ के प्रत्येक निजी मेडिकल कॉलेज में सभी पीजी सीटों का 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को नामित किया गया है। इन सीटों को शासन द्वारा प्रबंधित अथवा संचालित कालेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर नीट पीजी में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को एडमिशन दिए जाने का नियम है। कुछ सालों से इस नियम की गलत व्याख्या कर एम्स से एमबीबीएस पूरा करने वाले छात्रों को राज्य कोटा में शामिल किया जाता है, जिसका खामियाजा राज्य के छात्रों को भुगतना पड़ता है। तर्क दिया गया है कि एम्स के पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नीट के जरिए ना होकर संस्था परफारमेंस आधार पर होता है। उनके द्वारा ग्रामीण इलाकों में सेवा के लिए बांड जमा नहीं किया जाता। एम्स एक स्वशासी संस्था है, जिसका संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। इसीलिए इन्हें राज्य कोटे से यहां के मेडिकल कालेज में प्रवेश देने के लिए पात्र नहीं माना जाना चाहिए।

**यूपी, बिहार में अयोग्य:** यूडीएफए के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी और उपाध्यक्ष डॉ. ए. प्रशांत ने अपनी शिकायत में तर्क दिया है कि बिहार और उत्तरप्रदेश में राज्य कोटा की सीटों पर एम्स के छात्रों को एडमिशन के लिए पात्र नहीं माना गया है। इसके साथ एम्स में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के राज्य कोटा की सीट उपलब्ध नहीं है। वहां के पीजी मेडिकल कोर्स के लिए अलग परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**राज्य कोटे की 230 सीटें:** छत्तीसगढ़ के छह शासकीय और तीन निजी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की पढ़ाई होती है। इन कालेजों में 460 सीटें हैं, जिनमें 230 सीटें राज्य कोटे की हैं। शासकीय कालेजों की पचास प्रतिशत सीट ऑल इंडिया कोटे में जाती है और निजी कालेजों की पचास फीसदी सीटें मैनेजमेंट कोटे की होती हैं। राज्य में सबसे ज्यादा डेढ़ सौ पीजी सीट रायपुर मेडिकल कालेज में है।

#### दोपहर माना में...

सामान्य से क्रमशः तीन और ढाई डिग्री अधिक था। दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शुरू होते ही ठहर गई है। राजस्थान में बारिश की गतिविधि होने की वजह से इसे विड्राल नहीं किया जा रहा है। अनुमान है कि दस अक्टूबर के बाद मानसून की विदाई की बड़े हिस्से में घोषणा की जाएगी।

#### जशपुर, सरगुजा से...

में इस बात का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार जालसाजों को सिम उपलब्ध कराने वालों की पहचान करने की कार्रवाई की जा रही है। जालसाजों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने वालों की जानकारी मिलने के बाद जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

**इसलिए सिम उपलब्ध कराने वाला गिरोह सक्रिय:** पुलिस के अनुसार जालसाजों को सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले गिरोह के लोगों को प्रति सिम दो से पांच हजार रुपए तक मिलते हैं। महज सौ डेढ़ सौ रुपए के बदले दो से पांच हजार रुपए इजी मनी मिलने की वजह से लोग सिम खरीदकर जालसाजों को उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं।

#### अगस्त की बिजली...

के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था।





























“सैन्य प्रदर्शनी समारोह में आज रायपुरवासियों को सांइस कॉलेज मैदान में भारतीय सेना का जोश देखने मिलेगा। सेना बॉर्डर में किस तरह दुश्मनों से लड़ाई करते हैं, इसकी लाइव प्रस्तुति देखने को मिलेगी। शुक्रवार को सेना के जवानों ने मैदान में पूर्वाभ्यास किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। इस दौरान एक बाइक में 6 जवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को चकित कर दिया। इसके अलावा आग के गोले से बाइक को बाहर निकालकर जवानों ने समारोह को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ा दिया।”

## लाइव इवेंट

### जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए हर विधा में पारंगत होना जरूरी



रायपुर। पुलिस लाइन में प्रेस क्लब, रायपुर पुलिस और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के प्रयास से पत्रकारों के लिए राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता हो रही है। इसका शुभारंभ शुक्रवार को खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए हर विधा में पारंगत होना जरूरी है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। मीडिया के लोग वैसे भी हर क्षेत्र में पारंगत होते हैं, लेकिन यह बहुत ही खास अवसर है कि वे शूटिंग जैसे खेल में भी रुचि दिखा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास, प्रदीप टंडन और आशीष त्रिपाठी ने भी संबोधन दिया।

#### पूरी ईमानदारी से लक्ष्य के प्रति रहें एकाग्र

अध्यक्षता करते हुए हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि जीवन में सबसे ज्यादा जरूरी लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना है। जिस खेल को आपने प्रतियोगिता के लिए चुना है, उसमें एकाग्रता सबसे महत्वपूर्ण है। जिस पेशे में हम हैं, उसमें भी एकाग्र होना बहुत जरूरी है। इसलिए पूरी ईमानदारी से लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर काम करना जरूरी है। पिछले कुछ समय से छत्तीसगढ़ की आबोहवा बिगड़ी है। यह आबोहवा इसलिए बिगड़ी, क्योंकि एक पूरी की पूरी पीढ़ी नशे की ओर बढ़ी है। इस पर बेहद संजीदगी से काम करने की जरूरत है।

## कैंपस इवेंट

### छात्रों ने जाना अस्पताल प्रबंधन समझा बायोमेडिकल वेस्ट



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकरिता एवं जनसंचार विवि के एमबीए अस्पताल प्रबंधन के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत वीवाई हॉस्पिटल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की कार्य प्रणाली को गहराई से जाना। विद्यार्थियों ने ओपीडी, आईपीडी, बिलिंग, आईसीयू, फार्मेसी, माइनर ओटी, सर्जरी विभाग, एचआर, फाइनेंस, बायोमेडिकल वेस्ट, फायर एंड सेफ्टी सर्विसेस, थर्ड पार्टी इन्सुरेंस आदि विभागों का भ्रमण किया। इन विभागों की कार्य प्रणाली छात्रों ने समझी। इससे जुड़े सवाल भी उनके द्वारा किए गए।

#### सभी पहलुओं का गहराई से हो ज्ञान

विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करते हुए प्रबंधक अंशुमन गनौदवाले ने कहा, अस्पताल प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण विषय है। अस्पताल के व्यवस्थित संचालन की पूरी जिम्मेदारी एक प्रबंधक की होती है। इसलिए अस्पताल प्रबंधक को अस्पताल के सभी पहलुओं का गहराई से ज्ञान होना आवश्यक है। इस अवसर पर वीवाई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, सीईओ डॉ. अनिल कर्नावट, विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, देवेन्द्र कश्यप सहित एमबीए के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### सरकारी दफ्तर और फाइल की उलझल बताएगी 'दस्तावेज'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म दस्तावेज का पोस्टर विमोचन शहर में किया गया। इस दौरान निर्माता-निर्देशक के साथ ही फिल्म से जुड़े कलाकार भी उपस्थित रहे। गुडलक फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया गया है। इसका संगीत पहले ही लोकप्रिय हो चुका है। फिल्म का एक गीत '' ह्रदय के बात '' पर एक लाख के करीब रील्स बन चुकी है। इसे यूट्यूब पर 18 लाख लोग देख चुके हैं। अनिल सिन्हा, सुमन पटनायक, फगेश्वरी सिन्हा, आलोक मिश्रा सहित अन्य कलाकार इसमें नजर जाएंगे।

#### नगर पंचायत के क्लर्क की कहानी

फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है। फिल्म में नगर पंचायत के एक क्लर्क की कहानी है। फिल्म सरकारी कार्य से संबंधित दस्तावेज से उलझनें और उससे होने वाली तकलीफ को दिखाती है। दस्तावेज फिल्म के निर्माता सौरभ बरडिया ने कहा, दस्तावेज में छत्तीसगढ़ के ग्राम जीवन की असल खुशबू है। नए कलाकारों ने अभिनय में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है। प्रेम, उत्साह, हंसी-ठिठोली जैसी भावनाएं पूरे समय दर्शकों को बांधे रखेगी। 18 अक्टूबर यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म दस्तावेज की शूटिंग कांकेर के नरहरपुर ब्लॉक के समीपस्थ गांवों में की गई है।

# 40 फीट ऊपर हवा में ही रुका रहा एयरक्राफ्ट, उड़ने लगे टेंट इसलिए नहीं हो सकी एमआई-17 की लैंडिंग

## भारतीय सेना आज दिखाएगी जोश, जवान हथियारों की बताएंगे विशेषता, बाइक और घुड़सवारी के हैरतअंगेज कारनामे करेंगे चकित

**रायपुर।** घुड़सवार जवानों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अनोखे करतब दिखाए। इस दौरान भारतीय सेना के जाबांज घुड़सवारों ने तेज गति से दौड़ाए फिर भाले व तलवार से किया करतब दिया, जिसके बाद ऊंची छलाग लगाकर अभ्यास प्रस्तुति में ही समां बांधा दिया। आज समारोह में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक जवान अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें वाद्य यंत्रों के साथ जवान संगीत की प्रस्तुति भी देंगे। देश के शक्तिशाली हथियारों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।









### एमएम लाइट फील्ड गन, एके-47 और ग्लॉक पिस्टल



रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 5 अक्टूबर को आर्मी के पैरा कमांडो, हेलीकॉप्टर से उसी अंदाज में रस्सी से उतरेंगे जैसे किसी ऑपरेशन को अंजाम देने आए हों। इसके अलावा आर्मी की डेयर डेविल बाइकर टीम हैरान कर देने वाले स्टंट्स दिखाएगी। 9 किलोमीटर तक हमला करने वला टी-90 भीष्म टैंक, पानी में चलने वाली बीएमपी टू, लड़ाकू वाहन को मार गिराने वाला स्ट्रेला 10 एम, जेडयू-23 गन के साथ आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन, एके-47, टैवोर जैसी गन और ग्लॉक पिस्टल देखने को मिलेगी। इसके अलावा ग्रेनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड परफॉर्म करेंगे। गोरखा रेजिमेंट के जवान खुखरी डांस करेंगे।

### ब्रास बैंड की देशभक्ति गीतों में प्रस्तुति



शुक्रवार को रिहर्सल में 3 बार कोशिश के बावजूद इंडियन एयरफोर्स के **एमआई**-17 हेलीकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। ग्राउंड में लगाए गए टेंट बार-बार उड़ जा रहे थे। हादसे के खतरे को देखते हुए हेलीकॉप्टर को लैंड नहीं किया जा सका। अब 5 और 6 अक्टूबर को हेलीकॉप्टर से कमांडोज को उतारने की प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन और आर्मी के लोग प्लानिंग कर रहे हैं। आम लोग भी 5 तारीख से देख सकेंगे। बता दें कि इंडियन एयर फोर्स का एयरक्राफ्ट लगभग 40 फीट ऊपर हवा में ही रुका हुआ था और इसके बाद फौरन वह दूसरी ओर मूव किया गया। रिहर्सल में जवानों ने बाइक से फायर जंपिंग और घुड़सवारी का करतब दिखाया। गोरखा रेजिमेंट ने खुखरी डांस भी किया। आखिर में आर्मी के ब्रास बैंड ने देश भक्ति गीतों पर परफॉर्मेंस दिया।

### बताएंगे आर्मी ज्वॉइन करने की प्रक्रिया



साइंस कॉलेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर से ये प्रदर्शनी शुरू होगी। छत्तीसगढ़-ओडिशा सब एरिया हेडक्वार्टर के ब्रिग्रेडियर ने बताया कि भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करने सशस्त्र सैन्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यहां इंडियन आर्मी ज्वॉइन करने के बारे में भी बताया जाएगा।

# बच्चों के जन्म पश्चात सेहत का ध्यान नहीं रखती हैं माताएं, सेहत नजरअंदाज करना अनुचित

## बिटिया जन्मोत्सव : 151 बेटियों के माता-पिता हुई सम्मानित

**रायपुर।** सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। यहां 10 दिन से लेकर 6 माह तक की बिटिया गोद में लिए माता-पिता सम्मान समारोह में पहुंचे। सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा आयोजित बिटिया जन्मोत्सव आयोजन के अंतर्गत 151 बेटियों के माता-पिता का सम्मान किया गया। संस्था नवसृजन के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने संस्था पिछले 8 वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है। अब तक हजारों परिवारों को इस आयोजन के अन्तर्गत सम्मानित किया गया है। वृंदावन हाल में संपन्न हुए आयोजन में मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी बघेल, महिला पुलिस अधिकारी प्रियंका शर्मा, मधु अरोरा, आभा मिश्रा और डॉ.नम्रता सिरमौर थी।




### सरकारी योजनाओं के लिए किया पंजीकृत

सम्मानपत्र के साथ ही बेबी किट दिया गया, जिसमें बच्ची के लालन-पालन की वस्तुएं शामिल रहीं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए। पोस्ट आफिस और महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या योजना का लाभ कार्यक्रम स्थल पर सीधे नन्हीं बेटियों को दिया गया। साथ ही अन्य योजनाओं की जानकारी भी उन तक पहुचाने का प्रयास किया गया। कांतिलाल जैन, डॉ. प्रीति, डॉ. देवाशीष मुखर्जी सहित अन्य समाज सदस्य मौजूद रहे।

### नन्हीं बेटियों को ओढ़ाई गई चुनरी

अतिथियों ने सभागार में 6 माह से भी छोटी बच्चियों की किलकारी को मधुर संगीत बताते हुए कहा की एक साथ इतनी नन्हीं माताओं की किलकारी सुनना भी एक अलग अनुभूति का एहसास कराता है। ऐसे आयोजन बहुत ही कम देखने मिलते हैं। जहां एक तरफ बेटियों के जन्म को लेकर आज भी लोग चिंतित हो उठते हैं, वैसे में यह आयोजन एक प्रेरणा देता है। सर्वप्रथम कन्या पूजन कर 151 बेटियों की आरती की गई। सभी 151 नन्हीं बच्चियों को माता की चुनरी ओढ़ाई गई और उनकी आरती उतारी गई। आहार विशेषज्ञ ने आहार और पोषण सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे के जन्म के बाद अक्सर मां अपने आहार को लेकर उतनी गंभीर नहीं रहती, जितनी उन्हें होना चाहिए। उन्होंने आहार-पोषण को लेकर लापरवाही न बरतते हुए खान-पान पर विशेष गौर करने की बात कही। 10 महिलाओं को अलग अलग क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए नारी शक्ति सम्मान सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया।

# जुटेंगे प्रदेशभर के शिक्षाविद साझा होगी शैक्षिक तकनीक

**रायपुर।** बूम एड एक्सपो का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक विशेष शिक्षा सम्मेलन होगा। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन भी इसमें सहयोग कर रहा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों और नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। मानसिक विकास, स्कूलों में रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, मौजूदा कॅरियर और भविष्य की संभावनाएं तथा स्कूली शिक्षा की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विशेषज्ञ अपना महत्वपूर्ण उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी करेंगे। सीबीएसई के छत्तीसगढ़ और ओडिशा क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी के.श्रीनिवासन भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर मास्टर क्लास

सम्मेलन में विशेष रूप से स्कूलों के संचालन और वित्तीय प्रबंधन पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर एक मास्टर क्लास का आयोजन किया जाएगा, जहां शिक्षाविद और विशेषज्ञ इस महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.राजीव गुप्ता ने कहा, हमारे उद्देश्य है कि हम प्रबंधन, शिक्षण और नवीनतम तकनीकों को मिलाकर शिक्षा के स्तर को और ऊंचा कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से निजी विद्यालयों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित होंगे, जो शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे और उन्नत शैक्षिक तकनीकों का आदान-प्रदान करेंगे।

## मुख्य समारोह नवा रायपुर में 4 से 6 तक, जिला मुख्यालयों मे आयोजन 5 को

कार्नर न्यूज

# राज्योत्सव पर 1 नवंबर से, 6 तक जगमगाएंगे सभी सरकारी दफ्तर, मितव्ययिता बरतते हुए दीपावली के बाद होंगे आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव के अवसर पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों के दफ्तरों और नवा रायपुर स्थित मंत्रालय, संचालनालय भवन रोशनी से जगमाएंगे। राज्य शासन के निर्देश पर 1 से 6 नवंबर तक इन सभी भवनों में रोशनी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही 5 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों में एक दिन राज्योत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। हालांकि नवा रायपुर में होने वाले मुख्य समारोह के बारे में अब तक कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं, लेकिन ये संभावना है कि 4 से 6 नवंबर के बीच राज्योत्सव हो सकता है। वजह ये है कि 31 अक्टूबर को दीपावली, उसके बाद गोवर्धन पूजा और अगले दिन भाईदूज का त्योहार होना है।

### सांस्कृति कार्यक्रम हों शालीनता से




राज्य शासन ने कहा है कि जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा 5 नवंबर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन शालीन होना चाहिए। किसी प्रकार का अभद्र प्रदर्शन न हो यह सुनिश्चित होना चाहिए। 1 नवंबर से 6 तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रात्रि को रोशनी की जाएगी। शासन का कल्याणकारी योजनाओं, हितग्राही मूलक को कार्यकम में लाभान्वित किया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, जन-प्रतिनिधि को अतिथि के रूप में शामिल करते हुए उपस्थिति के लिए आग्रह करें और कार्यकम के आयोजन में मितव्ययिता बरती जाए।

### राज्य शासन ने जारी किया ये आदेश

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के शासकीय भवनों पर रोशनी किए जाने के संबंध में प्रदेश के सभी विभागों, जिला कलेक्टर,सभी संभागायुक्तों को जारी आदेश में कहा है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर से 6 नवंबर तक की रात्रि में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर,नवा रायपुर अटल नगर में स्थित सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाए। इस व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

### जिलों में कार्यक्रम होगा इस तरह

राज्य शासन ने प्रदेश के सभी जिलों में राज्योत्सव के संबंध में निर्णय लिया गया है कि विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यकम का आयोजन किया जाये। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का स्वरूप ये होगा। 5 नवंबर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायगा। कार्यकम स्थल पर विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा। विभिन्न विभागों में उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन होगा।

दुर्गोत्सव 2024


मां दुर्गा सन एंड सन युवा समिति, आमापारा बाजार


मां शक्ति महिला दुर्गोत्सव समिति, नेहरू नगर


श्रीराम जानकी शिव मंदिर समिति, अयोध्या नगर


श्री बजरंग युवा दुर्गोत्सव समिति, साहू मोहल्ला, टिकरापारा


स्वास्तिक दुर्गोत्सव समिति, पचपेड़ी नाका


उत्कल दुर्गोत्सव समिति, रामकुंड


एकता मित्रमंडल दुर्गोत्सव समिति, सोनकर पारा, पुरानी बस्ती

### दादाबाड़ी में उपधान तप का भव्य आयेजन, पहले दिन जैन मुनि ने लोगों को बताए तप के सभी नियम

# स्कूल छोड़कर 51 दिनों के लिए 80 लोगों संग बच्चे भी बने साधु, पहले दिन भाव से लेकर स्वभाव बदलने की क्रियाएं शुरू

**करीब 150 साल पुराने दादाबाड़ी में शुक्रवार को नया इतिहास रचा गया। पहली बार यहां उपधान तप का आयोजन हो रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों से तप करने लोग पधारे हैं। तपस्या तीन चरणों में हो रही है। पहले चरण में ही करीब 80 श्रावक-श्राविकाएं इस तप से जुड़ चुके हैं। अगले 6 अक्टूबर से दूसरे उपदान करने वाले शामिल होंगे। आगे तप करने वालों की संख्या और बढ़ेगी।पहले चरण में तप का हिस्सा बनने वाले तपस्वी 51 दिनों के लिए सांसारिक जीवन का त्याग कर साधु जीवन बिताएंगे। तप में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालु एक दिन पहले यानी गुरुवार को ही रायपुर पहुंच गए थे।**





**रायपुर।** शुक्रवार सुबह सूर्योदय से पहले स्वाध्याय के साथ 51 दिनों की महान तपस्या शुरू हुई। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से विनय कुशल मुनि के सानिध्य में धर्म सभा लगी। डेढ़ घंटे के विशेष प्रवचन में विराग मुनि ने तपस्या के गूढ़ रहस्य बताते हुए कहा, यह क्रिया सांसारिक जीवन में अल्प विराम लेने जैसा है। इसके बाद जब आप वापस अपने परिवार, समाज के बीच लौटेंगे तो लोगों का आपके नए रूप से परिचय होगा। भाव से लेकर स्वभाव बदलने तक की सारी क्रियाएं इन 51 दिनों के भीतर करवाई जाएंगी। इस दौरान वे सभी तरह की भौतक सुख-सुविधाओं जैसे-मोबाइल, एसी, कार आदि से दूर रहेंगे। किसी साध की तरह पूरा दिन धर्म-ध्यान और साधना-आराधना में बिताएंगे।

#### तप खत्म होने तक नहीं नहाएंगे

मुनिश्री ने कहा कि जैन साधु नहाने के लिए कभी पानी इस्तेमाल नहीं करते। कारण कि उनमें एकेंद्रीय जीवों का वास होता है। इससे उनकी हत्या होती है। आज वो दौर आ गया है कि लोग पंचेंद्रीय जीवों की हत्या से भी नहीं घबरा रहे। गर्भ में ही बच्चे को मार देते हैं। यहा महापाप है, जिसका दंड भी भयानक होगा। जीव हत्या से बचें। चाहे वह एकेंद्रीय हो या पंचेंद्रीय। जीवन में उदारता अपनाने की सीख देते हुए उन्होंने कहा, बहुत से कर्मचारी छुट्‌टी से आते ही बॉस से कह देते हैं, मेरी पगार से पैसे काट लेना। अगर आपके कर्मचारी भी ऐसा कहते हैं तो आपको अपने व्यवहार के बारे में सोचने की जरूरत है। उन्हें सुरक्षित और अपनापन महसूस कराएं। सुख-दुख में उनका साथ दें। आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि उपधान तप तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें तपस्वी क्रमशः 51, 48 और 28 दिन तपस्या करेंगे।



#### शरीर की नींद तोड़कर अपनी आत्मा को जगाना है

प्रवचन सभा में विराग मुनि ने कहा, यह तपस्या आपकी सहनशीलता की परीक्षा लेगी। सारे काम तय समय-सारिणी के अनुसार होंगे। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से पहले उठना है, तो उठना है। शरीर की नींद तोड़कर हमें अपनी आत्मा को जगाना है। अगर आपको लगता है कि आप तपस्या नहीं कर सकते, तो पहले एक दिन तपस्या करके देखिए। थोड़े-बहुत प्रयास से ही यह आपके लिए आसान हो सकता है। कुछ ऐसे भी होंगे जो शारीरिक-मानसिक रूप से पुष्ट होने के बाद भी तपस्या नहीं करते, तो उन्हें अपने से छोटे बच्चों को देखना चाहिए। छोटे-छोटे बच्चे भी बड़ी-बड़ी तपस्याएं कर रहे हैं। तपस्या में मन नहीं लगने का एक और बड़ा कारण सांसारिक राग है। एक बार तपस्या करिए, सारे राग एक-एक कर छूटते जाएंगे। इस तप में 8 साल की बच्चों ने भी अभिभावकों के साथ भाग लिया है।

## बेल पेड़ की पूजा, केला पेड़ का स्नान, आदिवासी परिधान में दर्शन देंगी माता

### बंगाली समाज पंचमी से प्रारंभ करेगा पूजन, इस बार नजर आएगा आदिवासी परिवेश

**रायपुर।** इस बार डब्ल्यूआरएस कालोनी में दशहरा मैदान के पास पूजा स्थल को आदिवासी थीम पर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कोलकाता के कलाकारों को जिम्मेदारी दी गई है। पंडाल और मूर्ति को उनकी टीम ही आकार दे रही है। श्री श्री दुर्गा एवं लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष सोमेन चटर्जी ने बताया कि इस बार 8 अक्टूबर यानी पंचमी से दुर्गा पूजा का नियम शुरू होगा। सुबह बेल के पेड़ की स्थापना होगी। इसके बाद 9 अक्टूबर को तालाब में केले के पेड़ को नहलाने के बाद पंडाल में लाने के बाद श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव का शुभारंभ होगा। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को माताजी के सभी स्वरूप का दर्शन आदिवासी परिधान में होगा। साथ ही हर दिन गीत-संगीत का सिलसिला उत्सव का रूप देने के लिए चलेगा, ताकि दर्शनार्थी पंडाल में परिवार के साथ पहुंचे।



#### यहां भी बंगाली रीति से मनेगा उत्सव



त्रिलोकी मां कालीबाड़ी राजेन्द्र नगर में भी उत्सव की तैयारी है। विवेक वर्धन एवं शिव दत्ता की अगुवाई में दुर्गा पूजा का शुभारंभ पंचमी तिथि से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर दिन पूजा में समाज के लोग भारी तादाद में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए समिति ने जिम्मेदारी बांटी है। इसके अलावा टाटीबंध, महावीर नगर, शैलेन्द्र नगर, प्रोफेसर कालोनी, शिवानंद नगर, माना कालोनी में भी दुर्गा पूजा पंडाल बनाने और लाइटिंग के लिए समाज के लोगों ने कारीगरों को जिम्मेदारी दी है।

#### मंदिर की तर्ज पर प्रवेश द्वार

बंगाली कालीबाड़ी समिति ने भी माता की मूर्ति को स्वरूप देने के लिए पश्चिम बंगाल के कारीगरों को बुलाया है। इसके बारे में प्रवीर सेन शर्मा ने बताया कि माता की स्थापना परंपरा के तहत इस बार भी स्थाई मंच पर की जाएगी। इसके सामने ही सांस्कृतिक प्रोग्राम के लिए मंच और दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था देने के लिए पंडाल सजाया जा रहा है। पूजा स्थल के प्रवेश द्वार को इस बार मंदिर के द्वार की तरह ही लुक दिया जा रहा है। पूजा उत्सव के दौरान हर दिन अलग-अलग कलाकारों की टीम मंच पर प्रस्तुति देगी।




## कैंपस में ढोल-नगाड़े...



**रायपुर।** बड़ी समितियों द्वारा गरबा का आयोजन अंतिम दिनों में किया जाएगा। कई कॉलोनियों और समितियों में सप्ताहांत से गरबा उत्सव की तैयारी शुरू हो जाएगी। इसके पहले कॉलेज में गरबा उत्सव प्रारंभ हो गया है। खास बात यह है कि डीजे का प्रयोग ना करते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर ही विद्यार्थी थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को डागा गर्ल्स कॉलेज में गरबा उत्सव रखा गया, जहां छात्राओं संग शिक्षिकाओं ने भी गरबा खेला।

## ये मूर्तियां नहीं, ब्रह्माकुमारी की बहनें हैं, जो नौ देवी के रूप में हुईं विराजमान

रायपुर। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में नौ देवियों की चैतन्य झांकी सजाई गई है। चैतन्य झांकी में ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने देवियों का रूप धारण किया है, जो बिना पलक झपकाए प्रतिमा की तरह एक ही जगह पर स्थिति रहती हैं। वे सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं।झांकी के जरिए लोगों को संकल्प शक्ति का संदेश दिया जा रहा है, कि व्यक्ति अगर संकल्प कर लें तो कोई भी कार्य कठिन नहीं। यह झांकी 12 अक्टूबर तक रहेगी। झांकी देखने पर प्रतीत होगा देवी मूर्ति सामान है। लोग राजयोग की सतत साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता देखकर चकित हैं।



### बिलासपुर मार्ग के पास स्थित माता धाम का वास्तु उत्तम फलकारी

# ईशान कोण में बंजारी माता की स्वयं-भू मूर्ति, इस दिशा में आराधना करने से पूरी होती है मनोकामना

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बिलासपुर नेशनल हाइवे से सटे रावांभाठा में स्थित मां बंजारी मंदिर प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। करीब 150 साल पहले यहां घना जंगल हुआ करता था। यह कई कारणों से माता का दुर्लभ मंदिर इसलिए भी है, क्योंकि स्वयं-भू बंजारी माता का गर्भगृह उत्तर व पूर्व के ईशान कोण में हैं। मंदिर का प्रवेश द्वार भी उत्तर दिशा में है। मंदिर के संचालक हरीश भाई जोशी ने बताया कि अभी जो भव्य मंदिर दिखाई देता है, वह 40 साल पहले इस स्वरूप में नहीं था। माता का गर्भगृह जहां हैं, वहीं मूल मंदिर हुआ करता था। वास्तु के लिहाज से इस मंदिर को शुभ फलकारी बताया जाता है। यहां संतान प्राप्ति के लिए भी मनोकामना लेकर लोग आते हैं। उसको माता पूर्ण करती हैं, इससे उनकी कीर्ति बढ़ने से दर्शन के लिए लोग बढ़ने लगे हैं।

#### साधना व सिद्धि के लिए श्रेष्ठ

मंदिर और वास्तु

मंदिर के संचालक श्री जोशी ने आगे बताया कि 150 साल पहले जहां पर अभी माता का मंदिर है, उस क्षेत्र में बंजर भूमि हुआ करती थी। इस क्षेत्र में बंजारा जाति के लोग कबीले के रूप में रहते थे। कुलदेवी के उद्भव का पता चलते ही पूजा अर्चना करने लगे। बाद में वे एक साधु को मंदिर की सेवादारी देकर चले गए। मंदिर के पास ही एक बरगद का पेड़ भी है। बतातेहैं कि साधु वहीं रहते हुए पूजा-पाठ करते थे। उनके निधन के बाद 40 साल पहले मंदिर की व्यवस्था संभाली थी। पहले जो साधु माता की सेवा करते थे, उनसे जानने को मिला था कि साधना व सिद्धि के लिए इस मंदिर में श्रेष्ठ कारक हैं।




#### नाग-नागिन का जोड़ा भी चर्चित

मंदिर के संचालक ने बताया कि इस मंदिर में 40 साल पहले तक नाग-नागिन का जोड़ा देखा जाता था। उसे पूर्व में आने वाले मदारी सम्प्रदाय के लोगों ने 100 साल से भी ज्यादा पुराना बताया था। अब भीड़ बढ़ने से दिन में दिखाई नहीं देता है। रात में पट बंद होने के बाद सेवादारों ने कई बार माता की मूर्ति के पीछे से नाग-नागिन के जोड़े को बाहर आते देखा है। मान्यता है कि वे माता की परिक्रमा के बाद वापस मूर्ति के पीछे जाने के बाद दिखाई नहीं देते हैं। वहां कई बार देखने का प्रयास किया गया। ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां से उनके आने की संभावना स्पष्ट हो सके। इससे लोगों की आस्था मंदिर के प्रति बढ़ी है।

#### बंजारी माता के रूप में पहचान

यहां-वहां घूमने वाले बंजारा जाति के लोगों की कुलदेवी का बंजर भूमि से उद्भव होने से माता धाम को बंजारी के नाम से प्रसिद्धि मिली। माना जाता है, इस मंदिर में बंजारे पूजा-अर्चना करते थे। कालांतर में मंदिर का नाम बंजारी मंदिर पड़ गया। बंजारी माता की मूर्ति बगुलामुखी रूप में होने से तांत्रिक पूजा के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है। मंदिर में स्वर्ग-नरक के सुख व यातना को विविध मूर्तियों और पेंटिंग के माध्यम से भी दर्शाया गया है। चैत्र व शारदीय नवरात्र में यहां हजारों लोग मनोकामना ज्योत जलवाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## संत गुलाब बाबा की पालकी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**रायपुर।** संत गुलाब बाबा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा टैगोर नगर स्थित शिव पार्वती मंदिर में संत गुलाब बाबा भक्त मंडल रायपुर के तत्वावधान में 16वीं वर्षगांठ एवं पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक, नागपुर, टाकरखेड़, मध्यप्रदेश से सागर, दमोह, हट्टा, जबलपुर, भोपाल और सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से गुलाब बाबा के भक्त एकत्रित हुए और सभी श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा के दर्शन किए व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान 50 से अधिक कलाकारों ने राउत नाचा व पंथी नाचा की रंगारंग प्रस्तुति दी। 3 अक्टूबर की शाम से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैष्णव महाराज ऋत्विज ने भजन प्रस्तुत किए। गुलाब बाबा ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी ने बताया कि प्रातः 6.32 से पं. पुरुषोत्तम डोंगरे ने दुग्धाभिषेक व पूजा प्रारंभ की, तत्पश्चात 10.32 बजे महाआरती के साथ 4 घोड़े व 2 ऊंट के 3 रथों में पालकी यात्रा की शुरुआत हुई, जो टैगोरनगर स्थित मंदिर से शुरू हुई व बूढ़ी माई चौक होते हुए शैलेंद्र नगर के बाद कटोरा तालाब मुख्य मार्ग होते हुए वापस टैगोरनगर स्थित मंदिर में पुनः महाआरती के साथ समाप्त हुई।

## जुलूसे गौसिया 15 को

**रायपुर।** मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन व दारूल यतामा रायपुर द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में रूयते हेलाल कमेटी के अध्यक्ष काजी ए शहर हजरत मुफ्ती मौलाना मोहम्मद अली फारूकी ने कहा कि ग्यारहवीं शरीफ के 29वें चांद की कोई खबर नहीं, 30वें चांद के हिसाब से 15 अक्टूबर को बरोज मंगल चांद की ग्यारहवीं तारीख पड़ेगी। पीर और मंगल के बीच पड़ने वाली ग्यारहवीं शब होगी। इस रात हर घर में फातेहा दिलाई जाती है।

# कोरोना काल की जमा राशि एक माह में राशन दुकानों को भुगतान करने के निर्देश

### दुकानदारों से जमा कराई गई राशि संचालकों को लौटाई नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राशन दुकान संचालकों को कोरोना कॉल की जमा राशि को एक माह के भीतर भुगतान करने का निर्देश जारी किया गया है। खाद्य विभाग के संचालक जीतेंद्र कुमार शुक्ला ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है। इस पत्र के जरिए उन्होंने संबंधित विभाग को दुकान संचालकों को राशि का भुगतान कराने के लिए कहा है।

इस पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2022 के अप्रैल और अक्टूबर में पीडीएस के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले प्राथमिकता और अन्त्योदय चावल का भंडारण दुकानदारों से इसकी आवश्यक राशि जमा कराकर कराया गया था। इस दौरान भारत सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत चावल का आबंटन प्राप्त होने पर हितग्राहियों को यह चावल निःशुल्क वितरण का निर्देश दिया गया था। इसके तहत दुकानदारों ने हितग्राहियों को चावल निःशुल्क वितरण किया, लेकिन दुकानदारों से जमा कराई गई राशि संचालकों को लौटाई नहीं है। खाद्य संचालक ने पत्र के जरिए स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के प्रबंधक संचालक को इस राशि का भुगतान एक माह के भीतर दुकान संचालकों को कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने कहा है। खाद्य संचालक ने पत्र में यह भी लिखा है कि राशन दुकानों को नागरिक आपूर्ति निगम से जो राशन सामग्री सप्लाई की जाती है उसे इलेक्ट्रानिक तौल मशीन में वजन कराकर कराया जाए। इसके लिए वे संबंधित विभाग को निर्देशित करें।

गौरतलब है कि प्रदेशभर के राशन दुकानों के संचालकों ने अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता में एक दिवसीय हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया था। इस आंदोलन के बाद खाद्य विभाग ने दुकान संचालकों की दो मांगों को लेकर संबंधित विभाग को पत्र लिखा है।

- छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा



### हर सेक्टर में बरसेगी लक्ष्मी की कृपा

# नवरात्रि से दीपावली तक गुलजार रहेंगे बाजार प्रदेशभर में होगा दस हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि के प्रारंभ होते ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक पूरे एक माह तक हर सेक्टर पर जमकर लक्ष्मी की कृपा बरसेगी और करीब एक माह में दस हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार होगा। रीयल एस्टेट में भी हजार करोड़ का कारोबार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर को मिलाकर 15 सौ करोड़ के आसपास कारोबार होने की संभावना है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से ही होता है। इसके बाद लगातार त्योहार रहते हैं। ऐसे में नवरात्रि से ही हर सेक्टर के बाजार में लोग खरीदारी करने निकलते हैं। नवरात्रि में तो वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक नवरात्रि के पहले दिन से ही राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।



### एक लाख बाइक बिकने का अनुमान

त्योहारी सीजन में नवरात्रि से वाहनों की बिक्री प्रारंभ हो गई है। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक ही बिक्री होती है। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक, सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत ही करीब आठ सौ करोड़ हो जाएगी। जानकारों के मुताबिक 20 हजार कारें भी बिकेंगी। साथ ही कामर्शियल वाहन भी बिकेंगे। सभी को मिलाकर करीब ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा।

### नवरात्रि के पहले ही दिन से कपड़ों की जमकर खरीदारी

कपड़ों की नवरात्रि के पहले ही दिन से जमकर खरीदारी हो रही है। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के सरंक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, प्रदेश के शहरों के साथ आसपास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने पहुंचे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक आ रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में अच्छी खरीदारी होगी। सीजन में ढाई से तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हो जाएगा।

### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना

इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अभी कीमत 78 हजार के पार है। धनतेरस तक कीमत 80 हजार तक जाएगी। ऐसे में लोग कीमत के कारण लगातार खरीदारी कर रहे हैं। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी होगी। डेढ़ हजार करोड़ का कारोबार इन दो दिनों में ही हो जाएगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक, दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। चांदी कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक, चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा।

### *मकान भी खूब बिकेंगे*

*नवरात्रि से ही रीयल एस्टेट में भी बूम आ गया है। यह बूम दीपावली तक जारी रहेगा। एक अनुमान के मुताबिक रीयल एस्टेट में इस बार त्योहारी सीजन में हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। छोटे मकान जहां दस लाख तक के हैं, वहीं बड़े मकान एक करोड़ से ज्यादा के भी हैं।*

### *इलेक्ट्रॉनिक बाजार भी रहेगा गुलजार*

*इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरे माह भर गुलजार रहेगा। एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, फर्नीचर को मिलाकर हजार से 15 सौ करोड़ के कारोबार का अनुमान है।*

### *हर सेक्टर में अच्छा कारोबार होगा*

*इस बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक हर सेक्टर में अच्छा कारोबार होगा। पूरे प्रदेश में सभी सेक्टरों को मिलाकर दस हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।*

*- अमर पारवानी*
*अध्यक्ष, चैंबर ऑफ कॉमर्स*

## तनाव मुक्ति के लिए कार्यशाला



**रायपुर** । पुलिस परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने जनरल परेड की सलामी ली। परेड में अन्य पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के टीआई, पुलिसकर्मी शामिल हुए।

परेड निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने आठ अधिकारी कर्मचारियों को उनकी अच्छी वेशभूषा के लिए इनाम दिया। कुछ आरक्षकों के गणवेश गंदा पाये जाने से सजा दी गई। इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवानों ने शस्त्र ड्रिल, ट्रैफिक ड्रिल और अन्य अभ्यास किया। परेड के दौरान एसएसपी ने कई को इनाम और कुछ को सजा दी। पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड पर जनरल परेड का आयोजन किया जाता है।

